दिन– शुक्रवार दिनांक– 25/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में चौंतीस प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। प्रदेश के छह जिलों– मधुबनी, वीरपुर, मुंगेर, वाल्मिकिनगर, भागलपुर और सहरसा में एयरपोर्ट निर्माण के सर्वे के लिए दो करोड़ तैंतालीस लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है। बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कैबिनट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली को सर्वे की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, राज्य के आठ जिलों मधुबनी, गोरौल, शामहो, इमामगंज, अधौरा, कटोरिया, असरगंज और चकाई में डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा राज्य में पहली बार होने जा रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स, दो हजार पच्चीस के आयोजन को मंजूरी दी गयी है। इसके लिए एक सौ उन्नीस करोड़ रूपये की स्वीकृति मिली है।

———————————————————————

नीतीश सरकार ने नए सिरे से मंत्रिमंडल के सदस्यों को जिलों के प्रभार का दायित्व सौंपा है। मंत्रिमंडल सचिवालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी को पटना वहीं, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को मुजफ्फरपुर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। इस संबंध में मंत्रिमंडलीय सचिवालय की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। भाजपा कोटे के जिन मंत्रियों के पास अभी तक दो जिलों का प्रभार था उनसे एक जिला ले लिया गया है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना जिले के प्रभारी मंत्री बने रहेंगे। वहीं, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पहले भोजपुर और मुजफ्फरपुर के प्रभारी मंत्री थे, लेकिन अब सिर्फ मुजफ्फरपुर के प्रभारी मंत्री रहेंगे। जदयू कोटे के तीन मंत्री विजय चौधरी, अशोक चौधरी और श्रवण कुमार दो–दो जिला के प्रभारी मंत्री बने रहेंगे।

———————————————————————

नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया को एसटीएफ और आर्थिक अपराध इकाई की संयुक्त कार्रवाई के दौरान पटना से गिरफ्तार कर लिया गया है। संजीव मुखिया पर बिहार पुलिस ने तीन लाख का इनाम घोषित किया गया था।

आर्थिक अपराध इकाई के एडीजी नैय्यर हसनैन ख़ान ने आज बताया कि नीट पेपर लीक मामले में संजीव मुखिया मुख्य आरोपी है और वह लंबे समय से फरार था। उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात मिले एक इनपुट के आधार पर दानापुर थाना क्षेत्र के सगुना मोड़ स्थित एक अपार्टमेंट से संजीव मुखिया को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है। संजीव मुखिया पर आरोप है कि उसने नीट परीक्षा में छात्रों से चालीस–चालीस लाख रुपये लेकर प्रश्नपत्र लीक किया। वर्ष दो हजार सोलह की सिपाही भर्ती परीक्षा में भी पेपर लीक मामले में उसका नाम जुड़ा था। इसके अलावा बीपीएससी शिक्षक बहाली घोटाले में वह पहले ही जेल जा चुका है।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए आज वेटिकन सिटी के लिए रवाना हो गई हैं। राष्ट्रपति मुर्मू वेटिकन सिटी की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगी। सरकार ने पोप फ्रांसिस के निधन पर तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की थी। गौरतलब है कि पोप फ्रांसिस का इक्कीस अप्रैल को निधन हो गया था।

———————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान मोतिहारी, सुपौल और भागलपुर जिले के कुछ स्थानों पर लू की स्थिति बनी रही। वहीं, पटना समेत अन्य जिलों में तीखी धूप और तेज गर्मी से जन जीवन प्रभावित रहा। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, सुपौल, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गोपालगंज और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर उष्ण लहर की चेतावनी जारी की है। वहीं, मुंगेर, खगड़िया और आस–पास के जिलों में उष्ण और आर्द्र दिवस का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार अगले तीन दिनों के बाद प्रदेश के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की कमी की सम्भावना है। इस दौरान पूर्वी चम्पारण, किशनगंज, सीतामढ़ी और मधुबनी समेत आस–पास के जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।